हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 03/10/2024	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 3

सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल ने झपटमार धरा

इनसे सीखें

- बाइक सवार झपटमारों ने पीछे से महिला के गले की चेन छीनने का प्रयास किया

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में तैनात महिला कांस्टेबल ने बुधवार को पांडव नगर में अपने साथ हुई झपटमारी की कोशिश को ना सिर्फ नाकाम किया, बल्कि लोगों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना बुधवार सुबह करीब पौने आठ बजे की है। सीआईएसएफ की डीएमआरसी यूनिट में तैनात कांस्टेबल सुप्रिया नायक अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास सुबह सैर पर गई थी। इसी दौरान बाइक सवार दो झपटमारों ने पीछे से उनके गले की चेन छीनने की कोशिश की। कांस्टेबल ने खतरे के भांपते हुए तुरंत खुद को बचाते हुए, उनमें से एक बदमाश को पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आस-पास मौजूद लोग एकत्रित हो गए। दूसरा आरोपी बाइक के साथ भागने में सफल रहा। उन्होंने तुरंत दिल्ली पुलिस के पीसीआर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। साथ ही महिला कांस्टेबल को चिकित्सा जांच के लिए एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर महानिदेशक सीआईएसएफ ने कांस्टेबल सुप्रिया के साहसिक कार्य की सराहना की।